उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14, अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।

संख्या–651–कार्य/चौदह–पाकालि/2012–45–के/2012 दिनांकः 25, मई, 2012

प्रबन्ध निदेशक,
मध्यांचल/पूर्वान्चल/पश्चिमांचल/दक्षिणान्चल,
विद्युत वितरण निगम लि0,
लखनऊ/वाराणसी/मेरठ/आगरा,
केस्को–कानपुर।

**विषयः– विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत कनेक्शन हेतु प्रस्तुत प्रपत्रों में विद्युत विभाग में स्टीमेट तैयार करने वाले सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर के नीचे तिथि अंकित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि अपर पुलिस महानिदेशक (सतर्कता), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा बिजली चोरी में जॉच के दौरान यह तथ्य उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के संज्ञान में लाया गया है कि विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत कनेक्शन/विद्युत लोड के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रपत्रों में विद्युत विभाग में स्टीमेंट तैयार करने वाले सम्बन्धित अवर अभियंता, अग्रसारित करने वाले सहायक अभियंता एवं स्वीकृत करने वाले अधिशासी अभियंता द्वारा अपने हस्ताक्षर के नीचे तिथि अंकित नही की जा रही है।

अतः उपरोक्त संदर्भ में उक्त सम्बन्धित समस्त अधिकारियों को यह निर्देश देने का आदेश हुआ है कि अपने हस्ताक्षर के नीचे तिथि अवश्य अंकित करें जिससे विलम्ब होने की अवस्था में उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जा सके।

भवदीय,

(वी0के0 शर्मा)
अपर सचिव (प्रथम)

संख्या–651–(1)–कार्य/चौदह–पाकालि/2011 तद्दिनांक :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, (का0प्र0 एवं प्रशा0/वित्त/वितरण/वाणिज्य/कारपोरेट प्लानिंग), उ0प्र0पा0का0 लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निदेशक (का0प्र0/कार्य एवं परियोजना/आपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के निजी सचिव, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. अपरं सचिव I/II/III/अराजपत्रित, उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. मुख्य महाप्रबन्धक (लेखा)/महाप्रबन्धक (लेखा)/उप महाप्रबन्धक (लेखा)/समस्त लेखाधिकारी उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0, लखनऊ।
6. समस्त मुख्य अभियंता (वितरण)/अधीक्षण अभियंता(वितरण), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
7. समस्त संयुक्त सचिव/उप सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।

(वी0के0 शर्मा)
अपर सचिव (प्रथम)